## खबर संक्षेप



### कातिलाना हमला करने वाले आरोपित को जंगल से पकड़ा

**कटनी।** चाकू से कातिलाना हमला करने वाले आरोपित को बिलहरी चौकी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 25 मई को फरियादी द्वारा थाने पर आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वो ग्राम बडखेरा में अपने खेत से घर आ रहा था तभी रास्ते में प्रहलाद पटेल उर्फ पला उसे गाली देने लगा जब उसने गाली देने से मना किया तो उसके द्वारा जान से मारने की नीयत से उसके पेट में छुरे से वार कर दिया तब फरियादी ने बचाव किया तो उसके जांघ में छुरे से चोट पहुंची तब आरोपी द्वारा दुबारा उस पर वार किया तब राजेंद्र व संदीप पटेल ने फरियादी को बचाया तब आरोपी प्रहलाद उर्फ पला वहां से ये कहते हुए फरार हो गया कि आज तो बच गया अगली बार मिलेगा तो जान से खत्म कर दूंगा । पुलिस द्वारा एफ आई आर दर्ज कर आरोपी की तलाश की गई जो रात में अंधेरे का फायदा उठाकर बडखेरा से कनकी जंगल की तरफ भाग गया था जिसकी पुलिस द्वारा देर रात तक लगातार तलाश की गई जो ग्राम बडखेरा के जंगल में काफी मशक्कत और प्रयास करने के बाद दस्तयाब हुआ जिसे पुलिस ने अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की और घटना में प्रयुक्त छुरा जप्त किया है जिसे न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया है । कार्यवाही में चौकी प्रभारी बिलहरी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय, प्र आर.व्यास गुप्ता,भारत विश्वकर्मा,संतोष प्रजापति,आर. सौरभ जैन,लव उपाध्याय,दिल्केश्वर सिंह,संदीप भलावी,विकास,सैनिक धनेंद्र त्रिपाठी का योगदान रहा ।

### जगन्नाथ स्वामी मंदिर परिसर में भागवत कथा कल से

**कटनी।** दक्षिणमुखी बड़े हनुमान मंदिर कमानिया गेट के तत्वाधान में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा हैं। आयोजन समिति के बउआ महाराज ने बताया कि जगन्नाथ मंदिर परिसर में 27 मई से 06 जून तक चलने वाले श्रीमद् भागवत पुराण कथा के भव्य कार्यक्रम के तहत भगवान श्री कृष्ण जी की विभिन्न लीलाओं एवं चित्रण पर आधारित ज्ञान कथाओं का प्रसिद्ध कथा व्यास देवी श्रीकृष्ण बल्लभा वृंदावनधाम की मधुर वाणी के द्वारा सुंदर वाचन किया जावेगा। 27 मई को सांयकाल 6.00 बजे हनुमान मंदिर कमानिया गेट से एक विशाल भव्य कलश यात्रा निकाली जावेगी जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुये जगन्नाथ चैक स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में पूजा अर्चाना के साथ समापन होगा इसके तत्पश्चात भागवत कथा का वाचन प्रारंभ होगा। इस महापुरण कथा को श्रवण करने हेतु मंदिर के पुजारी आनंद महाराज एवं जगन्नाथ मंदिर कमेटी ने शहर के धर्मप्रियजनों से आयोजन स्थल पर पहुंचकर कथा का श्रवण करने अपील की है।

### यातायात व सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण

**कटनी।** ईद-उल-अजहा पर्व को लेकर पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर यातायात, भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। यातायात प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह ठाकुर एवं रंगनाथनगर थाना प्रभारी उप निरीक्षक अरुण पाल सिंह ने ईदगाह से लेकर चांडक चौक, मिशन चौक, सागर पुलिया, कब्रिस्तान मार्ग एवं कर्बला क्षेत्र तक भ्रमण कर यातायात संचालन, पार्किंग व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने संबंधित मार्गों पर सुगम यातायात बनाए रखने, आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने एवं पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश जारी किए हैं।

### गांव गांव चल रहा मादक पदार्थों का अवैध कारोबार, संरक्षण देने के आरोप

# एसपी की चौखट तक पहुंच रही गांजा सहित अवैध शराब बेचने की शिकायत

जिले में नशे के अवैध कारोबार को रोकने के लिये पुलिस कप्तान के निर्देश पर भले ही विशेष अभियान चलाने के दावे एवं कार्यवाही की बात की जा रही है जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही है। थाना क्षेत्रों में शराब एवं गांजा की अवैध बिक्री से परेशान ग्रामीण एसपी की चौखट तक शिकायत लेकर पहुंचने को विवश हो रहे हैं। स्थानीय स्तर पर अवैध कारोबारियों को संरक्षण देने के आरोप भी पुलिस पर ही लगा रहे हैं।



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस प्रशासन इस बात का दावा कर रहा है कि शिकायत मिलते ही कार्यवाही की जा रही है। अब सवाल यह उठता है कि क्या कार्यवाही के बाद फिर वही ठिकाने आबाद हो जाते हैं या फिर नये स्थानों पर शराब की अवैध बिक्री शुरू हो जाती है। अवैध शराब बेचने वालों पर तो कार्यवाही होती है लेकिन शराब की खेप कहां से आ रही है सरगना तक पुलिस नहीं पहुंच पा रही है।

मंगलवार को रीठी थाना क्षेत्र के इमलाज और बांधा गांवों के ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव किया। उन्होंने पुलिस और आबकारी विभाग की सुस्त कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए लिखित शिकायत सौंपी और जमकर नारेबाजी की।

ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों को बताया कि इमलाज और बांधा गांवों में अवैध शराब और गांजे का धंधा बड़े पैमाने पर चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव में खुलेआम अवैध शराब और गांजा की बिक्री हो रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि खुलेआम बिक रहे नशे के कारण नाबालिग बच्चे और युवा इसकी चपेट में आ रहे हैं। नशेड़ियों के जमावड़े से गांव का माहौल खराब हो गया है, जिससे महिलाओं और बेटियों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। प्रदर्शनकारियों ने रीठी थाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए। ग्रामीणों का दावा है कि पुलिस गश्ती दल गांव में आता है, लेकिन अपराधियों पर कार्रवाई करने के बजाय उन्हीं ठिकानों पर बैठकर शराब और गांजे का सेवन करता है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिसकर्मी अवैध कारोबारियों से हफ्ता वसूली करते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, स्थानीय स्तर पर कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन पुलिस की कथित साठगांठ के कारण कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे तस्करों के हौसले बुलंद हो गए हैं।

इस संबंध मे एएसपी डॉ. डेहरिया का कहना कि ग्रामीणों द्वारा अवैध मादक पदार्थों की बिक्री के संबंध में शिकायत मिली है। सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई के लिए पुलिस टीम को मौके के लिए रवाना कर दिया गया है। जिन स्थानों पर अवैध गतिविधियों की बात कही गई है, वहां पहले भी नियमानुसार कार्रवाई की जा चुकी है। जहां तक पुलिसकर्मियों द्वारा पैसे (हफ्ता) लेने और नशा करने के आरोप का सवाल है, इस पर शिकायतकर्ताओं ने कोई साक्ष्य उपलब्ध नही कराए है। इसकी विभागीय जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने वाले पुलिसकर्मियों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी।

## गांजा तस्करी के मामले में दो आरोपितों को उड़ीसा से पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



एनकेजे पुलिस ने अंतरराज्यीय ड्रग नेटवर्क का खुलासा करते हुए उड़ीसा से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में की। पुलिस के अनुसार 14 मई को ग्राम हिरवारा स्थित पनहा तालाब के पास पुलिस ने दमोह निवासी रणजीत सिंह और दीपक लोधी को 16 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपी गांजा साड़ियों में छिपाकर ले जा रहे थे। पूछताछ के दौरान दोनों ने उड़ीसा के मामू उर्फ पंकज मेहर और प्रियवर्धन भोई से गांजा खरीदने की बात कबूल की। इसके बाद थाना प्रभारी रूपेंद्र राजपूत के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर साइबर सेल की मदद से आरोपियों के मोबाइल नंबरों और नेटवर्क की जांच की गई। पुलिस टीम ने उड़ीसा के बरगढ़ और बौध जिलों में दबिश देकर दोनों आरोपियों को स्थानीय पुलिस की सहायता से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में बरगढ़ निवासी मामू उर्फ पंकज मेहर तथा बौध निवासी प्रियवर्धन भोई शामिल हैं। दोनों को कटनी लाकर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस अब गांजा सप्लाई नेटवर्क के अन्य सदस्यों और स्त्रोतों की जानकारी जुटाने में लगी है।

कार्रवाई में एसआई सुयश पाण्डेय, नरेश झारिया, प्रधान आरक्षक रमेश सिंह, आरक्षक अर्पित पटेल, विजय राणा शामिल रहे।

### ईदुज्जुहा पर कल रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**कटनी।** प्रदेश के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा संशोधित अधिसूचना जारी करते हुए ईदुज्जुहा के अवसर पर पूर्व में बुधवार, 27 मई को घोषित अवकाश को निरस्त कर दिया गया है। अब यह अवकाश गुरुवार, 28 मई को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश के रूप में घोषित किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने स्पष्ट किया है कि 27 मई को सभी शासकीय कार्यालय पूर्व निर्धारित समयानुसार खुले रहेंगे और नियमित कार्य करेंगे।

## सैकड़ों आदिवासियों ने एसडीएम कार्यालय पहुंच बताई अपनी पीड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



विजयराघवगढ़ अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में मंगलवार को बाणसागर परियोजना के विस्थापित सैकड़ों आदिवासी ग्रामीणों ने शासकीय जमीन पर मालिकाना हक दिए जाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उन्हें इस जमीन से बेदखल किया गया, तो उनके पास जीवन समाप्त करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा। इन परिवारों को वर्ष 1996 में बाणसागर परियोजना के कारण विस्थापित होना पड़ा था।

ग्राम डोली, पोड़ी, आमा, कोल, नवासता, करेहा, इटौरा और इटमा सहित कई गांवों के निवासी पुनर्वास की उचित व्यवस्था न होने के कारण पिछले 30 वर्षों से तालाब के किनारों पर झुग्गी-झोपड़ियां बनाकर रहने को मजबूर हैं। हर साल बारिश के मौसम में बाणसागर तालाब का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ का पानी इनके आशियानों को उजाड़ देता है। जान-माल के लगातार होते नुकसान और प्रशासन की बेरुखी से तंग आकर अब इन परिवारों ने एकजुट होकर अपने अस्तित्व की लड़ाई शुरू की है। जीवन बचाने के लिए इन विस्थापित परिवारों ने विजयराघवगढ़ तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत चोरी के ग्राम चौरा, कनेरा (जमीन संख्या 338) और ग्राम पंचायत पिपरा की मध्य प्रदेश शासकीय भूमि पर शरण ली है। ग्रामीण वर्तमान में अपने परिवारों के साथ यहीं गुजर-बसर कर रहे हैं। हालांकि, तकनीकी और कानूनी रूप से इसे अतिक्रमण माना जा रहा है, जिसके कारण प्रशासन द्वारा इन्हें बेदखल किए जाने का डर लगातार सता रहा है। ग्रामीण जुर्माना और कानूनी पेशी भुगतने को भी तैयार हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि हम कानून का उल्लंघन नहीं करना चाहते। शासन-प्रशासन चाहे तो हम पर कानूनी तौर से जुर्माना लगाए या कोर्ट की पेशी तय करे, हम हर कानूनी प्रक्रिया और जुर्माना भरने को तैयार हैं लेकिन हमसे हमारा यह आखिरी सहारा न छीना जाए। विस्थापितो शासन के सामने मांग रखी है कि ग्राम चौरा, कनेरा और पिपरा की इस शासकीय भूमि को तत्काल 'आबादी की जमीन' घोषित किया जाए, मुख्यमंत्री आवास भू-अधिकार योजना के तहत सभी विस्थापित परिवारों को भूमि के पट्टे दिए जाएं, इस क्षेत्र में तुरंत बिजली, पानी की व्यवस्था की जाए और 'प्रधानमंत्री आवास योजना' के तहत पक्के मकान स्वीकृत किए जाएं, प्रशासन एक विशेष टीम गठित कर विस्थापित परिवारों की स्थिति का सर्वे करे, ताकि यह प्रमाणित हो सके कि इन परिवारों के पास गुजर-बसर के लिए कोई अन्य भूमि नहीं है।

## शासकीय भूमि पर किये गये 19 अतिक्रमण को हटाया



स्लीमनाबाद तहसील के ग्राम पहरुआ स्थित शासकीय भूमि पर अलग-अलग प्रकार से 19 अतिक्रमणकारियों के कब्जे से शासकीय भूमि मुक्त कराई गई। तहसीलदार स्लीमनाबाद द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जाधारियों के भूमि खाली करने का आदेश पारित किया गया। ग्राम पहरुआ स्थित भूमि खसरा नम्बर 141, 84, 142, 141, 227, 234/1, 227, 233, 222, 231, 214, 641, 219, 226, 228, और खसरा नम्बर 222 की शासकीय भूमि पर क्रमश: शंकरपुरी, जगत पटेल, बाबूलाल, यदुनंदन, दामोदर, लक्ष्मण और अरविंद पटेल, प्रदीप, सुरेन्द्र, निर्भय सिंह, प्रमोद सिंह, रामकुमार, ब्रजकिशोर, राममिलन बर्मन, तथा मर्रो बाई, प्रकाशपुरी, प्रतापपुरी, मैकू, संदीप, विजय बर्मन और गोविंद द्वारा किये गये अवैध कब्जे से जेसीबी मशीन द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाकर बेदखल कर दिया गया।

## संयुक्त टीम ने रीठी क्षेत्र के गांवों का किया भ्रमण टीकाकरण और स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जमीनी स्तर पर सेवाओं के क्रियान्वयन की सघन निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास प्रतिभा पांडे के नेतृत्व में टीम ने विकासखंड रीठी के ग्राम घनिया, मुहास तथा खमरिया एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रीठी का भ्रमण किया गया।

निरीक्षण के दौरान ग्राम पोषण एवं स्वास्थ्य दिवस के आयोजन का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने गर्भवती महिलाओं के एएनसी पंजीयन, टीकाकरण, हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता एवं कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत पात्र हितग्राहियों के पंजीयन की प्रगति भी जांची गई। निरीक्षण के दौरान ग्राम मुहास की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) अनुपस्थित पाई गईं। साथ ही 0 से 5 वर्ष के बच्चो की एवं गर्भवती माताओ की डयू लिस्ट नहीं पाई गई और 1 बजे तक सेशन नहीं लगाया गया। जिस पर सीएमएचओ डॉ राज सिंह द्वारा दोबारा सेशन लगाकर सेवाएं देने के निर्देश दिए गए।

### जन सुनवाई में पहुंचे 167 आवेदकों ने अधिकारियों को बताई अपनी समस्याएं

## जमीन पर अतिक्रमण कर मकान बनाने तो किसी ने पेंशन नहीं मिलने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्ट्रेट में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर आशीष तिवारी ने यहां पहुंचे 167 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान स्लीमनाबाद तहसील के ग्राम चरगवां निवासी अजय सेन ने अपनी शिकायत में बताया कि उनके पिता धानू सेन के नाम दर्ज खसरा नंबर 17 (रकबा 0.15 हेक्टेयर) की भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर मकान बना लिया है। साथ ही शेष भूमि पर बिना मुआवज़े के सीसी रोड का निर्माण कर दिया गया है। जिस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने तहसीलदार स्लीमनाबाद और भू-अभिलेख शाखा को प्रकरण का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी तरह ग्राम कटनी निवासी अभिषेक कुमार दुबे ने शिक्षा विभाग में अनुकंपा नियुक्ति की मांग रखी। उन्होंने बताया कि उनके पिता पीएमश्री स्कूल बाकल में सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत थे और सेवाकाल के दौरान उनका निधन हो गया था। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने जिला शिक्षा अधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए।

तेवरी निवासी दीपाली ने आधार कार्ड में जन्मतिथि सुधार के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि गलत जन्मतिथि के कारण उसकी पढ़ाई और अन्य दस्तावेजी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जिस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने ई-गवर्नेंस विभाग को तत्काल सुधार की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए।

वहीं ग्राम बड़खेरा की बुजुर्ग महिला धोखियाबाई ने वृद्धावस्था पेंशन फिर से शुरू करवाने के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि मुझे विगत 8 माह से वृद्धा पेंशन नहीं मिल रही है। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने जनपद पंचायत रीठी के सीईओ को पात्रता अनुसार लाभ दिलाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये बनाया गया विशेष डायवर्जन प्लान

## हफ्ते में दो दिन तिपहिया व चारपहिया वाहनों को नो एंट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ एवं सुचारू आवागमन के लिये यातायात पुलिस द्वारा विशेष डायवर्जन प्लान लागू किया जा रहा है। यह व्यवस्था प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रभावी रहेगी।

एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन तथा एएसपी डॉ. संतोष डेहरिया, उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा एवं नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह ठाकुर द्वारा यह व्यवस्था लागू की जा रही है।

यातायात विभाग के अनुसार बरही नाका, विश्वकर्मा पार्क, सुभाष चौक सब्जी मंडी एवं दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर मार्ग क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा और शहर के सुचारु यातायात को ध्यान में रखते हुए डायवर्जन किया जाएगा। मंदिर क्षेत्र को पैदल दर्शन मार्ग के रूप में विकसित किया जाएगा।

बरही नाका से दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर की ओर जाने वाले चारपहिया वाहन, ऑटो एवं ई-रिक्शा प्रतिबंधित रहेंगे। इन वाहनों को मॉल रोड, खिरहनी चौकी एवं एनपीएन मार्ग की ओर डायवर्ट किया जाएगा। केवल स्थानीय निवासी एवं आपातकालीन वाहनों को नियंत्रित रूप से प्रवेश दिया जाएगा।विश्वकर्मा पार्क की ओर से आने वाले वाहनों के लिए मंदिर मार्ग पूरी तरह बंद रहेगा। छोटे वाहनों को विश्वकर्मा पार्क से सुभाष चौक होते हुए स्टेशन रोड की ओर भेजा जाएगा, जबकि भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्गों पर डायवर्ट किया जाएगा। सुभाष चौक से मंदिर की ओर वन-वे पैदल कॉरिडोर बनाया जाएगा। ई-रिक्शा एवं ऑटो को झंडा बाजार और गोल बाजार की ओर मोड़ा जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर अस्थायी बैरिकेडिंग भी की जाएगी। मंदिर के आसपास लगभग 200 से 300 मीटर क्षेत्र को "नो व्हीकल जोन" घोषित किया जाएगा तथा दर्शनार्थियों के लिए पृथक पैदल मार्ग बनाया जाएगा।

बरही नाका, विश्वकर्मा पार्क, सुभाष चौक एवं मंदिर मार्ग पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। साथ ही क्रेन एवं टोइंग वाहन स्टैंडबाय रखे जाएंगे। सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली एवं लाउड हेलर के माध्यम से नागरिकों को वैकल्पिक मार्गों की जानकारी दी जाएगी। यातायात पुलिस ने आमजन से अपील की है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं शहर की सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्धारित डायवर्जन मार्गों का पालन करें और पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

## कोडीन युक्त कफ सिरप की बिक्री पर सख्ती, बिना डॉक्टर के पर्चे के नहीं मिलेगी दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में कोडीन युक्त कफ सिरप और नार्कोटिक्स औषधियों के बढ़ते दुरुपयोग पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने इन दवाओं की थोक और खुदरा बिक्री के लिए मासिक सीमा तय कर दी है। साथ ही निर्देशित किया गया है कि कोई भी रिटेल दवा विक्रेता बिना डॉक्टर के वैध पर्चे के कोडीन या नार्कोटिक्स युक्त दवाएं नहीं बेचेगा।ड्रग इंस्पेक्टर सोनम जैन ने बताया कि निर्देशों के मुताबिक अब सीएंडएफ से थोक विक्रेता प्रति पैक साइज अधिकतम 1000 बोतल ही प्राप्त कर सकेंगे। वहीं थोक विक्रेता से फुटकर दवा विक्रेता एक माह में अधिकतम 50 बोतल तक ही खरीद और बिक्री कर सकेंगे।

यदि कोई विक्रेता या व्यक्ति तय सीमा से अधिक मात्रा में कोडीन युक्त दवाओं की खरीद-बिक्री करता है, तो इसकी जानकारी तुरंत औषधि निरीक्षक कटनी को ई-मेल या व्हाट्सएप के माध्यम से देना अनिवार्य किया गया है।

विभाग को लगातार मिल रही शिकायतों के बाद यह भी स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि कोई भी रिटेल दवा विक्रेता बिना डॉक्टर के वैध पर्चे के कोडीन या नार्कोटिक्स युक्त दवाएं नहीं बेचेगा। दवा देने के बाद संबंधित पर्चे पर मेडिकल स्टोर की सील, हस्ताक्षर और तारीख अंकित करना भी अनिवार्य होगा, ताकि एक ही पर्चे का बार-बार उपयोग रोका जा सके।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस आदेश का उद्देश्य आवश्यक दवाओं की बिक्री रोकना नहीं, बल्कि इनके जरिए हो रहे नशे के दुरुपयोग पर नियंत्रण रखना है। औषधि निरीक्षक ने केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष से आग्रह किया है कि वे सभी दवा विक्रेताओं से नियमों का सख्ती से पालन करायें। इसके अलावा ड्रग इंस्पेक्टर ने थोक और खेरची दवा विक्रेताओं को भी पत्र भेजकर निर्देशों से अवगत कराया है।

कोडीन एक ओपिओइड (अफीम आधारित) दवा है जिसका उपयोग गंभीर दर्द निवारक और खांसी की दवा के रूप में किया जाता है। कोडीन 'शेड्यूल एच' की श्रेणी में आती है। इसे बिना डॉक्टर के वैध पर्चे के बेचना या खरीदना पूरी तरह से गैर -कानूनी और दंडनीय है।

## खबर संक्षेप



### 79 हजार रूपये की अवैध देशी व अंग्रेजी शराब जब्त

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में शराब का अवैध कारोबार करने वालों के विरूद्ध जिले भर के थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई। कार्रवाई के दौरान 64 शराब कारोबारियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किए गए। पुलिस के अनुसार अवैध शराब निर्माण एवं विक्रय में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के तहत कुल 113.31 लीटर अवैध अंग्रेजी एवं देशी प्लेन/मसाला शराब तथा 94 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। कुल 207.31 लीटर अवैध शराब की कीमत लगभग 78 हजार 950 रुपए आंकी गई है। इस अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में जिले के सभी अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारियों और पुलिस टीमों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने जिलेभर में एक साथ रेड कर अवैध शराब कारोबार में लिप्त लोगों पर शिकंजा कसा। पुलिस ने आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि यदि कहीं भी अवैध शराब के निर्माण या बिक्री की सूचना मिले तो तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 7587615946 पर जानकारी दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

### दो दिवसीय कबीर सत्संग समारोह कल से

**स्लीमनाबाद।** राष्ट्रीय यूट्यूबर संत स्वामी रणजीत साहेब का दो दिवसीय कबीर सत्संग समारोह का आयोजन स्लीमनाबाद तिराहा मे रखा गया हैं। उक्त कार्यक्रम 28 व 29 मई को रखा गया हैं। कार्यक्रम सांय 4 बजे से 6 बजे तक आयोजित होगा!आयोजक समिति ने सभी धर्मप्रिय जनों से पहुंचने का आग्रह किया हैं।

### शासकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए पंजीयन शुरू

**कटनी।** जिले में संचालित समस्त शासकीय आईटीआई संस्थाओं में प्रवेश सत्र 2026 के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय पोर्टल पर "प्रवेश रजिस्ट्रेशन 2026" लिंक के माध्यम से 30 जून तक पंजीयन एवं त्रुटि सुधार कर सकते हैं। वहीं 1 जून से 30 जून तक चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जिले में शासकीय आईटीआई कटनी, विजयराघवगढ़, बहोरीबंद, ढीमरखेड़ा (उमरियापान), बरही (बड़वारा), रीठी एवं कैमोर संस्थाएं संचालित हैं। इन संस्थाओं में मैकेनिक डीजल, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मोटर मैकेनिक, स्टेनो हिन्दी, कोपा, ड्रेस मेकिंग, सोलर टेक्नीशियन, कारपेंटर और वेल्डर जैसे रोजगारपरक ट्रेड उपलब्ध हैं। इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मोटर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, स्टेनो हिन्दी, कोपा एवं सोलर टेक्नीशियन के लिए 10वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है, जबकि वेल्डर, कारपेंटर एवं ड्रेस मेकिंग के लिए 8वीं पास अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।

## विभागीय कार्यो एवं योजनाओं की समीक्षा कर दिये निर्देश, जर्जर भवनों को ढहाने के कार्य में लायें तेजी

# निगमायुक्त ने अधिकारियों को फटकारा, कहा- अवैध कॉलोनी निर्माण पर दर्ज कराएं एफआइआर, अनाधिकृत मैरिज गार्डनों पर करें कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा समय-सीमा की बैठक आयोजित कर निगमायुक्त ने निगम के विभिन्न विभागों की योजनाओं, कार्यों और गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा कर लंबित प्रकरणों पर शीघ्रता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने कहा कि शासकीय योजनाओं एवं विभागीय कार्य के क्रियान्वयन में कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में उपायुक्त शैलेष गुप्ता, श्रीमती प्रियंका झारिया, कार्यपालन यंत्री असित खरे, सुधीर मिश्रा, अंशुमान सिंह, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

आगामी मानसून के दौरान सड़कों पर जलप्लावन की समस्या के निराकरण हेतु वर्तमान में मशीनरी एवं स्वच्छता दूतों के माध्यम से नगर के विभिन्न बड़े नालों के सफाई कार्य की समीक्षा के दौरान कार्य में लापरवाही प्रदर्शित होने पर निगमायुक्त द्वारा नाराजगी व्यक्त कर स्वास्थ्य अधिकारी को नोटिस जारी करनें के निर्देश दिये। निगमायुक्त ने ताकीद किया कि वर्षा प्रारंभ होनें के पूर्व नगर के शेष नाले नालियों की सफाई का कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करावें तथा संभावित जलभराव वाले स्थलों की निरंतर मानिटरिंग करना सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान उन्होंने स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत आयोजित गतिविधियों एवं फीडबैक कार्य की समीक्षा कर फीडबैक के कार्य में गति लाने के भी निर्देश दिए।

### नियमों का उल्लंघन स्वीकार नहीं

निगमायुक्त ने कॉलोनी सेल प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों से संबंधित लंबित प्रकरणों में एफआईआर की कार्रवाई को प्राथमिकता के साथ गति प्रदान की जाए, ताकि नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति विकसित की जा रही कॉलोनियां एवं नियम विपरीत निर्माण कार्य शहर की व्यवस्थित विकास व्यवस्था को प्रभावित करते हैं, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही निगमायुक्त ने व्यावसायिक क्षेत्रों में



फायर सेफ्टी नियमों की अनदेखी करने वाले प्रतिष्ठानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुरक्षा से जुड़े प्रावधानों का पालन प्रत्येक संस्थान के लिए अनिवार्य है तथा उल्लंघन पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कंपाउंडिंग एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

### अनधिकृत मैरिज गार्डन पर करे प्रभावी कार्यवाही

निगमायुक्त ने नगर क्षेत्र में बिना अनुमति संचालित हो रहे अवैध मेरिज गार्डनों के विरुद्ध निगम प्रशासन द्वारा पूर्व में की गई कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने उपयंत्रियों को अपने-अपने वार्डों में अनधिकृत रूप से संचालित अथवा नवीन रूप से विकसित किए जा रहे मेरिज गार्डनों का सर्वे कर उनकी विस्तृत जानकारी शीघ्र प्रस्तुत करने के लिए कहा। निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि बिना वैधानिक अनुमति एवं निर्धारित मानकों के विपरीत संचालित होने वाले मेरिज गार्डनों पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि नगर में सुव्यवस्थित विकास एवं नागरिक सुविधाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### जर्जर भवनों पर कार्यवाही रहे जारी

नगर के चिन्हित जर्जर भवनों को लेकर की जा रही कार्यवाही की समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि जन सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु जर्जर भवनों को हटाने की कार्यवाही में तेजी लाई जाए ताकि वर्षा काल के दौरान किसी भी प्रकार की जनहानि अथवा अप्रिय स्थिति निर्मित न हो सके। निगमायुक्त ने उपयंत्रियों से भी उनके वार्डो के जर्जर भवनों के संबंध में जानकारी चाही जाकर शीघ्रता से नियमानुसार कार्यवाही कराने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान निगमायुक्त ने संबल 2.0 योजना, स्ट्रीट वेंडर योजना एवं समग्र ई-केवाईसी के प्रकरणों पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने संबंधित विभागीय अधिकारियों दिये इस दौरान निगमायुक्त ने महापौर जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रकरणों को अनावश्यक लंबित न रखने की हिदायत अधिकारियों को दी।

### लीज निरस्तीकरण की करें कार्यवाही

निगमायुक्त नें ट्रांसपोर्ट नगर में व्यवसाय प्रारंभ नहीं करनें वालों पर नियमानुसार नोटिस एवं लीज निरस्तीकरण की कार्यवाही करनें, नव निर्मित चौपाटी में दुकानों के आबंटन हेतु आरक्षण एवं कार्यालय कलेक्ट्रेट के सामने स्थित काम्पलेक्स की शेष दुकानों की नीलामी प्रक्रिया को गति प्रदान करने, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन हेतु नगर में संचालित हो रहे कबाड़ व्यवसाय पर कार्यवाही करने, अभियान चलाकर आवारा श्वानो पर कार्यवाही करने, आई.एच.एस.डी.पी योजना के तहत भवनों में निवासरत हितग्राहियों प्रचलित जांच एक सप्ताह में पूर्ण करने के साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अमृत योजना के कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर अमृत योजना के तहत कराये जा रहे कार्यों के दौरान स्थल पर सूचना संकेतक एवं रूट चार्ट लगाने के निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान समस्त शाखा प्रमुखों एवं लिपिकों की मौजूदगी रही।

**श्रमिकों, ड्राइवरों एवं कंडक्टरों ने धरना देकर उठाई आवाज**

# वेतन वृद्धि की मांग को लेकर वैदिक विश्व विद्यालय में कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय करौंदी में कार्यरत श्रमिक कर्मचारियों, बस चालकों, कंडक्टरों एवं अन्य कर्मचारियों ने सोमवार को वेतन वृद्धि और श्रमिक हितों से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर सामूहिक रूप से हड़ताल और धरना प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय परिसर में एकत्र होकर प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याएं रखते हुए जल्द समाधान की मांग की।कर्मचारियों का कहना है कि वे लंबे समय से विश्वविद्यालय में पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रहे हैं, लेकिन वर्तमान महंगाई के दौर में उन्हें मिलने वाला वेतन परिवार चलाने के लिए पर्याप्त



नहीं है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि लगातार बढ़ती जरूरतों और आर्थिक दबाव के बीच वर्तमान वेतनमान में जीवनयापन करना कठिन हो गया है।

धरना दे रहे कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव को सामूहिक आवेदन सौंपते हुए कलेक्ट्रेट दर के अनुसार वेतन निर्धारण, नियमित वेतन वृद्धि, साप्ताहिक अवकाश तथा अवकाश के दिन कार्य लेने पर ओवरटाइम भुगतान की मांग प्रमुख रूप से उठाई। कर्मचारियों ने कहा कि श्रमिकों को श्रम कानूनों के तहत मिलने वाली मूलभूत सुविधाएं और अधिकार सुनिश्चित किए जाने चाहिए। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि विश्वविद्यालय में कई कर्मचारी वर्षों से कार्यरत हैं, लेकिन उन्हें अब तक उचित वेतन और सुविधाएं नहीं मिल पाई हैं। कर्मचारियों ने कहा कि श्रमिक वर्ग विश्वविद्यालय की व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है और उनके हितों की अनदेखी करना उचित नहीं है।

धरना प्रदर्शन में लेबर सुपरवाइजर भूरेलाल पटेल सहित संत राम पटेल, त्रिलोक चंद पटेल, सिद्धार्थ विश्वकर्मा, रज्जो बाई बर्मन, रमेश पटेल, नारायण प्रसाद पटेल, कुंवर लाल पटेल, रामेश्वरी बाई बर्मन, राहुल पटेल, गोविंद पटेल, हरिहर तिवारी, प्रहलाद पटेल, कमलेश ठाकुर सहित बड़ी संख्या में लेबर, ड्राइवर, बस कंडक्टर और कंप्यूटर ऑपरेटर कर्मचारी शामिल रहे।कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

**महापौर ने सुनी समस्याएं, समय सीमा में निराकरण के दिये निर्देश**



मंगलवार को महापौर जनसुनवाई में नगर के विभिन्न वार्डों से पहुंचे नागरिकों ने पेयजल आपूर्ति, साफ-सफाई, सड़क एवं नाली निर्माण, अतिक्रमण, राजस्व एवं अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने जनसुनवाई के दौरान प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल शिकायत प्राप्त करना नहीं, बल्कि समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है। जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महापौर श्रीमती सूरी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा जिन प्रकरणों में तत्काल कार्रवाई संभव है, उनमें शीघ्र कार्यवाही की जाए। जनसुनवाई के दौरान कई समस्याओं के निराकरण हेतु तत्काल कार्रवाई के निर्देश जारी दिये, वहीं शेष प्रकरणों के निराकरण के लिए समय सीमा निर्धारित कर कार्रवाई करने को कहा गया।

# कलश यात्रा निकाल जल संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

विकासखंड बहोरीबंद में म.प्र. जन अभियान परिषद, जिला कटनी के जिला समन्वयक डॉ. तेज सिंह केशवाल के निर्देशन एवं ब्लॉक समन्वयक अरविन्द शाह के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत नवांकुर संस्थाओं एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों द्वारा विभिन्न ग्रामों में गंगा दशहरा पर्व मनाकर जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया।अभियान के अंतर्गत सेक्टर बाकल क्रमांक 1के पटना, मोहतरा, पिपरिया, मंगेला एवं सलैया,सेक्टर बहोरीबंद क्रमांक 2 के बहोरीबंद, पथराडी पिपरिया, रामपाटन, पटना एवं डिहुंटा, सेक्टर बचैया क्रमांक 3 के बड़खेरा, पोंडी पिपरिया, निमास एवं बम्होरी, किरहाई पिपरिया, सेक्टर कौड़ियां क्रमांक 4 के



कौड़िया, जुझारी, कूड़न, देवरी एवं कल्हैया खुर्द तथा सेक्टर तेवरी क्रमांक 5 के अमोच, टिकरिया, लिंगरी एवं संसारपुर ग्रामों में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामों के जल स्त्रोतों जैसे नदी, तालाब, बावड़ी एवं हैंडपंप स्थलों पर श्रमदान के माध्यम से साफ-सफाई की गई। इसके साथ ही जल स्त्रोतों का पूजन कर कलश यात्रा निकाली गई। ग्राम मंदिरों में भजन-कीर्तन, गंगा आरती, जल अभिषेक एवं पूजन कार्यक्रम संपन्न हुए।इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को जल का महत्व बताते हुए जल संरक्षण एवं संवर्धन की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी गई तथा सभी को जल संरक्षण शपथ दिलाकर जल बचाने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सरपंच, सचिव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायक कार्यकर्ता ,नवांकुर संस्था के धनीराम पटेल, रविन्द्रनाथ झारिया, बसंत जायसवाल, मनोज कुमार, सरजू श्रीवास, सुरेन्द्र चक्रवर्ती, भूपेन्द्र दाहिया, परामर्शदाता अवधेश

**हादसे में दो साध्वियों की मौत पर जैन समाज में आक्रोश, दुकानें बंद रख कर जताया विरोध**

# जैन समाज ने निकाला मौन जुलूस, प्रशासन को सौपा पांच सूत्रीय ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

सड़क दुर्घटनाओ मैं दो जैन साध्वियों के निधन के बाद पूरे जैन समाज मैं गहरा आक्रोश ओर शोक व्याप्त हैं!इस घटना के विरोध मैं तेवरी मैं सकल जैन समाज सड़कों पर उतरकर विरोध जताया। सकल जैन समाज के नेतृत्व में विशाल मौन जुलूस निकाला गया।

इस दौरान समाज के लोगों ने अपने अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठान ओर दुकाने बंद रखकर इस विरोध प्रदर्शन मैं अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया। प्रदर्शन के दौरान समाज के लोगों ने हाथों में तख्तियां लेकर ओर आँखों व हाथों पर काली पट्टी बांधकर बेहद शांतिपूर्ण ओर अनुशासित तरीके से अपना विरोध जताया। जैन समाज ने घटना को



जानबूझकर किया गया हमला बताया गया। तेवरी में श्वेत वस्त्रों में समाज ने विशाल मौन जुलूस निकाल राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया ।

जैन समाज ने ज्ञापन सौपते हुए बताया कि जैन समाज पर एक बार फिर वज्रपात हुआ है। मध्य प्रदेश के रीवा क्षेत्र के समीप हुई एक अत्यंत संदिग्ध कार दुर्घटना में, आचार्य विद्यासागर जी महाराज की परंपरा से दीक्षित दो तपस्वी साध्वियो आर्यिका रत्न 105 श्रुतमति माताजी और आर्यिका रत्न 105 उपशममति माताजी का आकस्मिक समाधिमरण हो गया। समाज ने शासन और प्रशासन के समक्ष लिखित रूप में आशंका व्यक्त की है कि यह घटना आकस्मिक नहीं है, बल्कि सोची-समझी साजिश के तहत जानबूझकर किया गया हमला प्रतीत होता है।

ज्ञापन में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जैन साधु-संत पूर्णतः निहत्थे, अहिंसक और पैदल विहार करने वाले तपस्वी होते हैं। ऐसे संतों के साथ निरंतर बढ़ती दुर्घटनाएं और हमले संपूर्ण समाज के लिए अत्यंत चिंताजनक विषय हैं।समाज ने चेतावनी दी है कि यदि इस अत्यंत संवेदनशील विषय पर त्वरित और प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो समाज देशव्यापी आंदोलन के लिए विवश होगा।इस दौरान दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष डॉ जिनेंद्र जैन, अनिल सिंघई, संतोष जैन, पवन जैन,अशोक जैन,बसन्त जैन, धनेंद्र जैन, मुन्ना लाल जैन, सतेंद्र जैन, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष माधुरी जैन, सुदेश जैन, पंकज जैन,सोनू जैन, संजय जैन एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

**शहर विकास के लिये ट्रांसपोर्ट नगर में शिफ्टिंग करने की अपील**

# महानगरों की तर्ज पर शहर का व्यवस्थित विस्तार होना अत्यंत आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहर में लगातार बढ़ रहे यातायात दबाव, भारी वाहनों की आवाजाही तथा शहरी यातायात व्यवस्था को सुगम एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में नगर पालिक निगम कटनी द्वारा एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी पहल प्रारंभ की गई है। नगर निगम द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर पुरैनी क्षेत्र में स्थित रिक्त भूखण्डों की नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, जिसके माध्यम से शहर के ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों को एक व्यवस्थित, सुविधायुक्त एवं स्वतंत्र व्यावसायिक परिसर उपलब्ध कराया जाएगा।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने शहर के समस्त ट्रांसपोर्टर भाइयों एवं व्यवसायियों से अपील करते हुए कहा है कि कटनी शहर के समुचित एवं सुनियोजित विकास के लिए ट्रांसपोर्ट नगर की शिफ्टिंग एक क्रांतिकारी कदम सिद्ध होगी। यह पहल केवल यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे शहर के औद्योगिक विकास, व्यापारिक विस्तार एवं भविष्य की आधारभूत संरचना को भी नई दिशा प्राप्त होगी।

महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि वर्तमान में शहर के भीतर संचालित हो रहे ट्रांसपोर्ट व्यवसाय के कारण यातायात दबाव लगातार बढ़ रहा है, जिससे आम नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। ऐसे में ट्रांसपोर्ट गतिविधियों को एक पृथक एवं सुव्यवस्थित क्षेत्र में स्थानांतरित करना समय की आवश्यकता है। नगर निगम द्वारा इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए ट्रांसपोर्ट नगर में भूखण्डों की नीलामी प्रारंभ की गई है ताकि ट्रांसपोर्ट व्यापारी अपने व्यवसाय को आधुनिक एवं व्यवस्थित स्वरूप प्रदान कर सकें।

उन्होंने बताया कि इस नीलामी में केवल ट्रांसपोर्ट व्यवसाय हेतु प्लॉट ही नहीं, बल्कि ट्रांसपोर्ट गतिविधियों से जुड़ी आवश्यक सुविधाओं जैसे पेट्रोल पम्प, ढाबा, धर्मकांटा एवं अन्य उपयोगी व्यावसायिक दुकानों के लिए भी भूखण्ड शामिल किए गए हैं। इससे ट्रांसपोर्ट नगर भविष्य में एक पूर्ण विकसित व्यावसायिक एवं लॉजिस्टिक हब के रूप में स्थापित हो सकेगा।

महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि अन्य महानगरों की तर्ज पर कटनी शहर का भी व्यवस्थित विस्तार होना आवश्यक है। ट्रांसपोर्ट नगर का विकास शहर को यातायात जाम की समस्या से राहत दिलाने के साथ-साथ एक आधुनिक, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित शहरी स्वरूप प्रदान करेगा। इससे शहर के भीतर भारी वाहनों का दबाव कम होगा तथा नागरिकों को सुगम यातायात व्यवस्था का लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने ट्रांसपोर्टर भाइयों से आग्रह किया कि वे इस नीलामी प्रक्रिया में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करें और नगर के विकास में सहभागी बनें। यह पहल नगर निगम अकेले नहीं बल्कि शहरवासियों एवं ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों के सहयोग से ही सफल हो सकेगी।

निगम प्रशासन द्वारा नीलामी प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी एवं सुगम बनाया गया है। इच्छुक बोली कर्ताओं की सुविधा के लिए उपयंत्री शैलेन्द्र प्यासी द्वारा स्थल संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही प्रत्येक रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक ट्रांसपोर्ट नगर पुरैनी में उपस्थित रहकर संबंधितों को भूखण्डों की वास्तविक स्थिति एवं लोकेशन की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। नगर निगम द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर में रिक्त भूखण्डों की नीलामी हेतु ऑनलाइन निविदाएं 05 जून 2026 तक आमंत्रित की गई हैं।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने अंत में कहा कि यह केवल भूखण्डों की नीलामी नहीं, बल्कि कटनी शहर के भविष्य को व्यवस्थित, आधुनिक और विकासोन्मुख बनाने की एक सामूहिक पहल है। शहर के उज्ज्वल भविष्य एवं सुगम यातायात व्यवस्था के निर्माण हेतु सभी ट्रांसपोर्टर भाइयों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

# दो जर्जर भवनों के डिस्मेंटल की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा नगर के जर्जर भवनों को लेकर की जा रही सतत समीक्षा एवं दिए जा रहे निर्देशों के अनुपालन में नगर निगम प्रशासन द्वारा जर्जर एवं खतरनाक भवनों के विरुद्ध विशेष अभियान लगातार गति पकड़ रहा है। निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा बैठक में दिए गए निर्देश के पश्चात निगम प्रशासन ने मंगलवार को शहर के दो अत्यंत जर्जर भवनों के जर्जर हिस्से को डिस्मेंटल की कार्रवाई करते हुए संभावित हादसों को टालने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया।

### जर्जर भवनों का सर्वे

कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह एवं अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि मानसून के दौरान जर्जर भवनों के ढहने की आशंका को गंभीरता से लेते हुए निगम



प्रशासन द्वारा चिन्हित भवनों का लगातार सर्वे कराया जा रहा है। इसी श्रृंखला में बी.डी अग्रवाल वार्ड एवं महारानी लक्ष्मी बाई स्थित दो भवनों के जर्जर हिस्से को डिस्मेंटल की कार्यवाही की गई। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखते हुए संबंधित क्षेत्रों में आमजन की आवाजाही नियंत्रित की गई तथा तकनीकी अमले की उपस्थिति में भवनों को चरणबद्ध तरीके से हटाया गया।

कार्यपालन यंत्री श्री सिंह ने बताया कि नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए ऐसे भवन जो वर्षों से उपेक्षित जर्जर अवस्था में खड़े हैं या ऐसे भवन जिनका कुछ हिस्सा जर्जर अवस्था में है और कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकता हैं, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने भवन स्वामियों से भी अपील की कि वे अपने पुराने एवं क्षतिग्रस्त भवनों की समय पर जांच कराएं तथा आवश्यक मरम्मत अथवा हटाने की कार्रवाई में निगम प्रशासन का सहयोग करें।

## खबर संक्षेप

### ग्रीष्मकालीन पेयजल नियंत्रण कक्ष की स्थापना

**दमोह।** मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्परनी (एमपीयूडीसी) द्वारा दमोह जिले के हटा व पटेरा नगर में ग्रीष्मगकाल के दौरान पेयजल समस्यांओं के त्वगरित समाधान हेतु एक समर्पित ग्रीष्मपकालीन पेयजल निवारण नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। एमपीयूडीसी के परियोजना प्रबंधक पी. डी. तिवारी ने बताया कि यह नियंत्रण कक्ष चौबीस घंटे कार्यरत रहेगा तथा नागरिकों की पेयजल संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करेगा। उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था का उद्देश्य गर्मी के मौसम में नागरिकों को निर्बाध पेयजल आपूर्ति उपलब्ध कराना एवं किसी भी प्रकार की जल आपूर्ति समस्या का त्वरित समाधान करना है।

### ईदुज्जुहा पर्व पर अब 28 मई को रहेगा अवकाश

**पन्ना।** राज्य शासन द्वारा 27 मई 2026 को ईदुज्जुहा के घोषित अवकाश के स्थान पर अब 28 मई, गुरूवार को निगोशिएबल इन्स्ट्रमेन्ट्स एक्ट के अधीन सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। 27 मई, बुधवार को निर्धारित समयानुसार समस्त कार्यालय खुले रहेंगे।

### लापरवाही का हाईवेः सकरिया-डिघौरा सड़क का निर्माण पूरा

**गुनौर।** कागजों पर चमचमाती और जमीन पर आधी-अधूरी सकरिया-डिघौरा सड़क अब राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन चुकी है। सड़क का निर्माण कार्य पूरा हुए अभी कुछ ही समय हुआ है, लेकिन जगह-जगह से उखड़ी सड़क और डिघौरा तिराहे पर पसरा ब्लैकआउट (अंधेरा) आए दिन भीषण हादसों को न्यौता दे रहा है। लोक निर्माण विभाग और जिम्मेदार ठेकेदार इस गंभीर समस्या पर पूरी तरह मौन साधे बैठे हैं।

---

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सुनार नदी में सफाई कर किया दीपदान

# जल है जीवन का आधार, संरक्षण में सबकी भागीदारी जरूरीः विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



जल गंगा संवर्धन अभियानर के अंतर्गत गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर नगर पालिका परिषद हटा द्वारा सोमवार को नगर की जीवनदायनी सुनार नदी के हजारी घाट पर सफाई अभियान चलाकर दीपदान किया। 25 में सोमवार की सुबह सोन नदी के हजारी घाट पर विधायक उमा देवी खटीक नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र खटीक की उपस्थिति में पार्षदों सहित नगर की समाज सेवा द्वारा श्रमदान कर साफ सफाई की गई। वही संध्याकालीन मैं सुनार मैया की आरती दीप दान कर नदी को स्वच्छ साफ बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान विधायक उमा देवी खटीक व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र खटीक नपा सीएमओ राजेंद्र खरे ने सभी के साथ मिलकर केवल औपचारिकता नहीं निभाई, बल्कि स्वयं हाथों में नदी के घाट से कचड़ा निकालकर कचरा गाड़ी में डाला एवं झाड़ू लेकर घाट के फर्श से तिनका-तिनका कचरा चुना। नदी के आंचल और किनारों पर बिखरी पुरानी फूल-मालाओं तथा विसर्जित सामग्रियों को बाल्टियों और तगाड़ियों में भरकर डस्टबिन तक पहुंचाया। इस सेवा कार्य ने घाट पर मौजूद हर श्रद्धालु को गहराई से प्रेरित किया। इस अवसर पर विधायक श्रीमति उमादेवी खटीक ने कहा कि जल सृष्टि का आधार है और बिना जल के जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। जल ही जीवन को संतुलन और समृद्धि प्रदान करता है। यदि आज जल संरक्षण के प्रति गंभीर प्रयास नहीं किए गए तो आने वाली पीढ़ियों को जल संकट जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए जल की प्रत्येक बूंद का संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। नदी, तालाब, बावड़ी, कुओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जाने की आवश्यकता है। जल गंगा संवर्धन अभियान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में जन आंदोलन बन गया है और इसके सार्थक परिणाम दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र खटीक, पार्षद कैलाश ताम्रकार, पार्षद प्रतिनिधि उमेश ताम्रकार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र कुमार खरे एवं नगर पालिका परिषद हटा के समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## गंगा दशहरा पर जल गंगा पूजनकर भव्य कलश यात्रा निकाली



**दमोह।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद दमोह के मार्गदर्शन मे आज दिनांक 25/05/2026 को नवांकुर संस्था जय मां लक्ष्मी के सहयोग से ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पटेरिया, कुन्डलपुर, बिलगुवां, सगोनी उपाध्याय, बिछिया, सिंगपुर में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत स्वच्छता साफ सफाई कर जल पूजन, कलश यात्रा एवं वृक्ष पूजन जल स्रोत जल लेकर शंकर जी को अर्पित किया कार्यक्रम का भव्यआयोजन कर बैठक की। कार्यक्रम में ग्राम के गणमान्य नागरिक, महिलाएँ, पुरुष एवं बच्चे-बच्चियाँ बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई तथा सभी को गंगा दशहरा के पावन अवसर पर जल संरक्षण, जल पूजन, वृक्षारोपण एवं हरियाली के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम मे सरपंच, सचिव, जनपद सदस्य व जनपद पटेरा सीईओ, जनपद अध्यक्ष मल्लोबाई, सांसद प्रतिनिधि गनेश पटैल, मुलाम राय, पवन राय, रामसागर तिवारी केशव मिलन समिति, भूपेंद्र चौहान, अम्बिका समिति, मुन्ना अवधिया नगर समिति व जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विशेष सहयोग जिला समन्वयक सुशील नामदेव, ब्लॉक समन्वयक हरीश पान्डेय, नवांकुर अध्यक्ष मुलाम राय का सहयोग रहा। संस्था इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी नागरिकों, समिति सदस्यों एवं सहयोगकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया। और जल सरक्षंण के बारे मे समझाया व कलश यात्रा मे नारे लगाये जल ही जीवन है जल है तो कल है।

# आदिवासी परिवार की भूमि पर अवैध कब्जा हटाने की मांग, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

मंगलवार को जिला कलेक्टर के नाम एसडीएम के द्वारा नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी को सौपा गया है जिसमै उल्लेख किया गया है कि तहसील अंतर्गत ग्राम तेदूखेड़ा निवासी आदिवासी परिवार ने अपनी पैतृक भूमि पर कथित अवैध कब्जा एवं प्रशासनिक अनियमितताओं को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित पक्ष द्वारा जिला प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रस्तुत कर निष्पक्ष जांच एवं न्याय की मांग की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, श्रीमती कौशल्या मेमार पति जगदीश मेमार तथा धन्तोबाई पिता स्व. वालचंद साकिन, निवासी ग्राम तेदूखेड़ा, की भूमि तहसील कार्यालय के समीप स्थित है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि उनकी सहमति के बिना उनकी भूमि पर भवन निर्माण कार्य कराया जा रहा है। परिवार का कहना है कि संबंधित भूमि खसरा नंबर 170 में दर्ज है तथा उक्त भूमि उनके वैधानिक स्वामित्व में है। पीड़ितों के अनुसार, इस संबंध में कई बार प्रशासन को लिखित शिकायतें एवं आवेदन प्रस्तुत किए गए, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। उनका आरोप है कि स्थानीय प्रशासन द्वारा बिना विधिक प्रक्रिया पूर्ण किए निर्माण कार्य को संरक्षण दिया जा रहा है। परिवार का कहना है कि उनके पास भूमि से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज एवं अभिलेख उपलब्ध हैं, इसके बावजूद उनकी बात नहीं सुनी जा रही है। मामले में एक और गंभीर आरोप यह लगाया गया है कि खसरा नंबर 166, जो धन्तो बाई के पिता स्वर्गीय वालचंद के नाम दर्ज था, उसकी मृत्यु के कई वर्षों बाद भूमि की रजिस्ट्री कैसे की गई, यह जांच का विषय है। पीड़ित पक्ष ने इस पूरी प्रक्रिया को संदिग्ध बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। पीड़ित परिवार का यह भी कहना है कि वर्ष 1988-89 से लेकर वर्तमान तक तहसील कार्यालय, एसडीएम कार्यालय एवं उप पंजीयक कार्यालय में भूमि से संबंधित अभिलेखों में कई बार नामांतरण एवं दस्तावेजी कार्यवाही की गई। अंतिम दान पत्र जुलाई 2023 में जारी किया गया, जिसमें भी कथित रूप से त्रुटियां बताई जा रही हैं। परिवार ने आरोप लगाया है कि कई बार गुहार लगाने के बावजूद अधिकारियों द्वारा उनकी शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया गया, जिसके कारण उन्हें न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। बताया गया है कि मामला वर्तमान में माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़ित पक्ष ने जिला कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) से मांग की है कि 15 दिवस में संपूर्ण प्रकरण की सूक्ष्म एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा संबंधित भूमि पर चल रहे निर्माण कार्य को तत्काल रोका जाए। साथ ही दोषी अधिकारियों एवं संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाए ताकि आदिवासी परिवार को न्याय मिल सके। ग्रामीणों एवं सामाजिक संगठनों ने भी इस मामले को गंभीर बताते हुए प्रशासन से पारदर्शी जांच एवं पीड़ित परिवार को संरक्षण प्रदान करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में श्रीमती कौशल्या मेमार, श्रीकांत पोरते, नोनेलाल परस्ते, हेमराज सिंह ,संदीप ,भारती ,मनीष ,जमुना चरण सिंह, भरे ,सावित्री ,जयराम सहित अन्य लोग समिम्लत थे ।

# बेलाताल में जल संरक्षण और संवर्धन का संकल्प दिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

गंगा दशमी के अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर के बेलाताल में जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू धर्मेंद्र कटारे, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रीति राजू कमल ठाकुर, कलेक्टर प्रताप नारायण यादव की मौजूदगी में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ बेलाताल में जलगंगा की आरती कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जल संरक्षण और संवर्धन का संकल्प दिलाया गया। जलगंगा संवर्धन के तहत नुक्कड़ नाटक के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई । कार्यक्रम में अधिकारियों ने जल स्रोतों के संरक्षण, तालाबों की सफाई और वर्षा जल संचयन पर जोर दिया. अतिथियों ने कहा कि जल है तो कल है, इसलिए हर नागरिक को जल बचाने के लिए आगे आना होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे, सुशील गुप्ता, सीएमओ नगरपालिका राजेंद्र सिंह लोधी, जनपद पंचायत सीईओ हलधर मिश्रा, शहरी विकास अभिकरण परियोजना अधिकारी कपिल खरे, डीईओ एसके नेमा, बाइके कोरी सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि व जन मौजूद रहे। मंच का संचालन पं. विपिन चौबे ने किया।

# ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**रनेह।** मुस्लिम समुदाय का महान पर्व ईद उल जुहा सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाए जाने रनेह थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन ने मुस्लिम भाइयों से पर्व की जानकारी ली जिसमें बताया गया की 28 मई गुरुवार को ईद उल जुहा का पर्व मनाया जाएगा। प्रातः 8:00 बजे परसादिया ईदगाह पर नमाज अदा की। जाएगी बैठक में तय किया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा ईदगाह की साफ सफाई की व्यवस्था की जाए। पुलिस बल की तैनाती की जाए। थाना प्रभारी ने अपील की कि सभी लोग आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाए। उपस्थित नागरिकों ने प्रशासन एवं पुलिस के पूर्ण सहयोग की बात करते हुए आश्वस्त किया कि पूर्व की भांति गंगा जमुनी तर्ज पर ईद का त्यौहार मनाया जाएगा। आयोजित बैठक में जनप्रतिनिधि थाना क्षेत्र एवं कस्बा के गणमान्य नागरिकों, मीडिया बंधुओं के साथ ही पुलिस स्टाफ की मौजूदगी रही।

# 286 आवेदकों ने कराया पंजीयन, 122 युवाओं का निजी क्षेत्र में चयन

दमोह।

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशो के तहत 26 मई को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय दमोह में युवा संगम - रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेल का आयोजन किया गया। इस युवा संगम मेले में भाग लेने हेतु ऑनलाइन 216 एवं ऑफलाइन 70 कुल 286 बेरोजगार आवेदको ने पंजीयन कराया। निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने के उद्देश्य से 122 युवक युवतियों का चयन किया गया। जिसमें वर्धमान यार्न मंडीदीप 17, मैंन पावर ग्रुप सर्विस अहमदाबाद 12, टीएसपीएल चाकन पुणे 20, जेबीएम ग्रुप अहमदाबाद 09, चेकमेट सिक्योरिटी सर्विस बड़ौदा 9, ग्रो फ़ास्ट ऑर्गेनिक डायमंड जबलपुर, 12 गोल्डन फॉर्मर ऑर्गेनिक 10, भारतीय जीवन बीमा निगम दमोह 08, पुष्कल एग्रो दमोह 15, एम आई लाइफ़स्टाइल, ग्लोबल मार्केटिंग 10 ने साक्षात्कार द्वारा युवक-युवतियां का चयन किया। युवा संगम में जिला उद्योग व्यापार केंद्र द्वारा 5 हितग्राहियों के लिए 50 लाख 25000 राशि का ऋण स्वीकृत किया गया। जिला अंतव्यवसाय, आदिम जाति कल्याण विभाग, पंचायत कल्याण विभाग, श्रम विभाग, लीड बैंक मैनेजर इत्यादि विभागों ने उपस्थित आवेदको के लिए स्वरोजगार हेतु मार्गदर्शन दिया। उमंग स्वास्थ्य चिकित्सा विभाग की उमंग काउंसलर विधि गुप्ता ने 29 आवेदको की काउंसलिंग की।

### होटल मालिक ने महिला के साथ किया दुष्कर्म

**छतरपुर।** जिले के थाना बमीठा के अंतर्गत धार्मिक स्थल ग्राम गढ़ा बागेश्वर धाम में स्थित शिव होटल के मालिक द्वारा एक महिला को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। लेकिन जब शादी करने से इनकार कर दिया तो महिला ने बमीठा थाने में आरोपी होटल मालिक आदित्य शिवहरे के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध कराया है। जानकारी के अनुसार बागेश्वर धाम गढ़ा में स्थित शिव होटल में एक युबती काम करती थी लेकिन वहां के मालिक आदित्य शिवहरे ने महिला को प्रेम जाल में फसाते हुए उसे शादी करने का प्रलोभन दिया। शादी करने का प्रलोभन देकर आरोपी प्रसिद्ध बागेश्वर धाम गढ़ा और चित्रकूट के अलग अलग होटल में महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

## नोहटा में श्रीमद्भागवत कथा का द्वितीय दिवसः भक्ति और मोक्ष का दिया संदेश

**बनवार।** नोहटा नगर में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास पं. उमाशंकर शास्त्री ने श्रद्धालुओं को भक्ति और मोक्ष का गहन आध्यात्मिक संदेश दिया। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि "सबसे पहले भक्ति आवश्यक है, क्योंकि भक्ति से ही मोक्ष की प्राप्ति संभव है।" उन्होंने अपने प्रवचन में बताया कि आज के समय में व्यक्ति के अंदर आत्मबल कमजोर होता जा रहा है, जबकि आत्मबल ही भगवान की प्राप्ति का आधार है। उन्होंने कहा कि कलयुग में केवल नाम स्मरण से ही भगवान की कृपा प्राप्त हो सकती है, लेकिन इसके लिए सच्ची श्रद्धा और भक्ति जरूरी है। कथा व्यास ने श्रीमद्भागवत कथा को कल्पवृक्ष के समान बताते हुए कहा कि इसके नीचे श्रद्धा से जो भी मनोकामना की जाती है, वह अवश्य पूर्ण होती है। उन्होंने इसे केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि आत्मिक उन्नति और जीवन सुधार का मार्ग बताया। प्रवचन के दौरान उन्होंने श्रीराम और श्रीकृष्ण के आध्यात्मिक संदेशों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम अपने धाम लौट गए, जबकि भगवान श्रीकृष्ण ने भागवत कथा के माध्यम से इस संसार में अपनी दिव्य उपस्थिति को जीवित रखा है। इसके माध्यम से भक्त आज भी भगवान की अनुभूति कर सकते हैं। इस अवसर पर लोधी समाज जिला अध्यक्ष भावसिंह लोधी, धर्मेंद्र सिंह लोधी, सतेन्द्र सिंह, नितेंद्र सिंह, अवधेश सिंह सहित मोन्टी एवं समस्त लोधी परिवार नोहटा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# जल पूजन, कलश यात्रा एवं जलाभिषेक कर जल संरक्षण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में विकासखंड जबेरा के जबेरा सेक्टर में प्रस्फुटन ग्रामों में गंगा दशहरा पर जल स्रोत पूजन एवं गंगा कलश यात्रा के साथ जल संवाद चौपाल का आयोजन ग्राम करनपुरा में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित ग्राम वासियों को संस्था के द्वारा गंगा दशहरा के आयोजन के संबंध में कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया गया।इसके बाद बावड़ी में जल पूजन कर गंगा आरती का आयोजन किया गया। उसके पश्चात गंगा कलश यात्रा का आयोजन किया गया जो बावड़ी से शुरू होकर शिवजी के मंदिर तक रामधुन के साथ निकाली गई। उसके पश्चात शिवजी के मंदिर में जल अभिषेक कर भगवान शिवजी की आरती की गई। इसके उपरांत जल संवाद चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति करनपुरा के अध्यक्ष चरन सींग ने सभी को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गंगा दशहरा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि आज का यह कार्यक्रम केवल धार्मिक नही बरन मानव जाति के अस्तित्व को बचाने के लिए जल संरक्षण के महत्व को जन जन तक पहुंचाना है। गंगा मैया धरती पर जन कल्याण के लिए ही प्रकट हुई थी। गंगा दशहरा का आयोजन ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। जिसमें मान्यता है कि इसी दिन माँ गंगा का स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। यह पर्व धार्मिक आस्था, पर्यावरणीय चेतना तथा सामाजिक कल्याण का संदेश देता है। गंगा जल में कुछ विशेष प्रकार के सूक्ष्मजीव तथा बैक्टीरियोफेज पाए जाते हैं जो हानिकारक जीवाणुओं की वृद्धि को नियंत्रित करने में सहायक हो सकते हैं। इसी कारण गंगा जल लंबे समय तक अपेक्षाकृत ताजा बना रहने की क्षमता रखता है। उन्होंने बताया कि पर्व के अवसर पर नदी घाटों की सफाई, जल स्रोतों के संरक्षण और स्वच्छता अभियानों का आयोजन किया जाता है। इससे जनस्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों को लाभ मिलता है। जैव विविधता का संरक्षण-नदियाँ केवल जल का स्रोत नहीं हैं बल्कि अनेक प्रकार के जलीय जीवों, वनस्पतियों और पारिस्थितिक तंत्रों का आधार भी हैं। गंगा दशहरा हमें नदी पारिस्थितिकी के संरक्षण का संदेश देता है। मानसिक एवं सामाजिक स्वास्थ्य-धार्मिक अनुष्ठान, सामूहिक पूजा, भजन-कीर्तन और सामाजिक सहभागिता लोगों में सकारात्मक ऊर्जा, मानसिक शांति और सामाजिक एकता को बढ़ावा देते हैं। आधुनिक मनोविज्ञान भी सामुदायिक सहभागिता को मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी मानता है। वही सरपंच कल्याण सींग ने कहा कि गंगा दशहरा केवल एक धार्मिक पर्व नहीं है बल्कि यह आस्था, पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन, सामाजिक समरसता और मानव कल्याण का संदेश देने वाला महत्वपूर्ण उत्सव है। धार्मिक दृष्टि से यह माँ गंगा के प्रति श्रद्धा और मोक्ष की भावना का प्रतीक है जबकि वैज्ञानिक दृष्टि से यह जल संरक्षण, स्वच्छता, पारिस्थितिक संतुलन और जनस्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करता है।

**पुलिस प्रशासन हमेशा रहता है गायब**

# बेपटरी हुई यातायात व्यवस्था ने बढ़ाई मुसीबत, हर दिन नगर में लगता है जाम

**अतिक्रमण व बेतरतीब ढंग से खड़े वाहन ट्रैफिक में बन रहे बांधा**



**तेंदूखेड़ा।** बेपटरी हो चुकी यातायात व्यवस्था का सबसे बड़ा असर नगर के बाजार क्षेत्र पर पड़ रहा है। पहले जहां मुख्य मार्ग व्यापारिक गतिविधियों का केंद्र हुआ करता था तो वहीं अब यहां अतिक्रमण के कारण सड़क पर जाम की स्थिति बनी रहती है जिसके कारण लोग मुख्य सड़क बाजार से कम, अन्य दुकानों से सामान खरीदते हैं जाम से परेशान होकर ग्राहक अब सड़क पार करने से कतराने लगे हैं। जहां एक ओर व्यापारिक प्रतिष्तान बढ़ गए हैं तो वहीं दूसरी ओर खकरिया रोड के सकरे एवं जाम से भरपूर होने के हैं कारण लोग अब वहां खरीदारी के बजाय वैकल्पिक मार्गों पर जाने लगे दरअसल नगर परिषद द्वारा दी गई दुकानों की सीमा से बाहर जाकर अधिकांश व्यापारियों ने अपनी दुकानें बढ़ा ली हैं। वे सड़क तक अस्थाई शो केस और सामान रखकर दुकान का विस्तार कर लेते हैं हैं और जो व्यापारी विस्तार नहीं किए हुए हैं, वह अपनी दुकान के सामने हाथठेले की दुकाने लगवा लेते हैं। ऐसे व्यापारी, ठेला वालों से हर दिन राशि वसूलते हैं। जिससे सड़क पर चलने के लिए जगह नहीं बचती है। नगर की यातायात व्यवस्था अब तक नहीं सुधरी है। जहां देखो वहां जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। नगर में अतिक्रमण व अव्यवस्थित यातायात से नगरवासी काफी परेशान हैं।

### किसानों और रहवासियों को दिक्कत

सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना जनपद पंचायत मार्ग पर रहने वाले लोगों को करना पड़ रहा हैं इस मार्ग पर सबसे ज्यादा जाम के हालात बनते हैं। क्योंकि इस मार्ग पर कृषि मंडी के कारण आए दिन दर्जनों ट्रक, कंटेनर, किसानों के ट्रैक्टर ट्राली व अन्य वाहन निकलने से जाम लगा रहता है। क्योंकि यह मार्ग पूरी तरह से सिंगल हैं साथ ही सभी सरकारी विभागों के कार्यालय बने हुए हैं। जिसके कारण अधिकारी और जनप्रतिनिधि के वाहन भी जाम में फंस जाते हैं।

### सड़कों में वाहन खड़ा करने में हो रही मनमानी

नगर विभिन्न वार्डों में सड़कों पर वाहन खड़े रहने से मार्ग बाधित रहते हैं। यहां तक कि मुख्य मार्ग पर भी लोग अपनी बाइक, कार, ट्रक, यात्री बस प्रतिष्ठानों के सामने खड़े कर देते हैं। जिससे यातायात के साथ ही नगर की व्यवस्था बिगड़ रही है। जो लोग मुख्य मार्ग एवं अन्य मार्गों पर वाहन खड़ा करते हैं, उन्हें इससे कोई सरोकार नहीं है कि उनके वाहन खड़े करने से मार्ग से गुजरने वाले अन्य लोगों को परेशानी होती है और ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ जाती है।

### अतिक्रमण से 50 फीट का मार्ग 20 का रह जाता है

तहसील कार्यालय से लेकर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय तक मुख्य मार्ग लगभग 50 फीट चौड़ा है, लेकिन दिन में ये 20 फीट ही बचता है। क्योंकि मार्ग के दोनों ओर हाथ ठेले व बड़े वाहन खड़े रहते हैं। जिसके कारण सकरा बना रहता है इसके अलावा मुख्य मार्ग से नगर में जाने वाली सड़कों पर भी अव्यवस्थित वाहन खड़े रहते हैं। साथ ही हाथ ठेले वाले भी सड़क पर आ गए हैं। जिससे मार्ग से गुजरने वाले अन्य वाहन चालकों को परेशानी होती है। नगर के भटरिया मार्ग की भी हालत बेहद खराब है। उधर बैंकों के सामने तो वाहनों की लंबी कतार लगी रहती है। गौर करने वाली बात ये हैं कि बदहाल ट्रैफिक सुधारने के लिए नगर वासी लगातार मांग करते आ रहे हैं, पर जिम्मेदार है कि इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे अब लोगों में शासन-प्रशासन के खिलाफ आक्रोश पनप रहा है।

### पुलिस प्रशासन कर रहा बड़े हादसे का इंतजार

पुलिस प्रशासन द्वारा इस और कोई कार्रवाई नहीं करने से कहीं न कहीं अधिकारी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे तब कहीं जाकर इस और ध्यान दिया जाएगा नगर के लोगों का आरोप है कि नगर की सड़कों पर कभी भी पुलिस नजर नहीं आती है ना ही थाना प्रभारी नगर भ्रमण पर निकलते हैं जिसके कारण चारों ओर सड़कों पर ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई है और लोग अपनी मनमानी अनुसार सड़कों पर व्यापार है नगर में किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित हो जाएगी तब कहीं जाकर पुलिस गश्ती करेंगी और थाना प्रभारी सहित पुलिस स्टाफ सड़कों की व्यवस्थाओं को सुधारने निकलेंगे । इस संबंध में जब तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी रावेंद्र बागरी से बात करने के लिए फोन लगाई गई तो उन्होंने रिसीव किया लेकिन जैसे ही नगर की यातायात व्यवस्था को लेकर बात की तो उन्होंने फोन काट दिया।

## खास बातें

### कल अवकाश घोषित

**दमोह।** राज्य शासन ने 27 मई 2026 दिन बुधवार को ईदुज्जुहा के घोषित अवकाश के स्थान पर 28 मई 2026 दिन गुरूवार को निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट के अधीन सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया है। अतः 27 मई 2026 दिन बुधवार को निर्धारित समयानुसार समस्त कार्यालय खुले रहेंगे।

### जनसुनवाई में 293 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 (व्यारमा) में आयोजित जनसुनवाई में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये आवेदकों की समस्याओं को सुना। इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 293 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 09 आधार अपडेशन एवं 114 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही जनसुनवाई के दौरान कुछ सामूहिक आवदेन भी दिए गए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, अपर कलेक्टर मीना मसराम, डिप्टी कलेक्टर रचना प्रजापति, लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### अपहृत नाबालिग को जबलपुर से किया दस्तयाब

**जबेरा।** मध्य प्रदेश पुलिस की जबेरा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहृत नाबालिग बालिका को महज 08 घंटे के भीतर जबलपुर से सकुशल दस्तयाब कर उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस की इस सक्रियता की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया तथा एसडीओपी अर्चना अहीर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल टीम गठित की। पुलिस टीम ने लगातार तलाश एवं तकनीकी सहायता के आधार पर नाबालिग बालिका को जबलपुर से दस्तयाब किया। आवश्यक कथन दर्ज करने के बाद बालिका को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक विकास सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक सतीश नामदेव, प्रधान आरक्षक देवेंद्र रैकवार, आरक्षक वीरेंद्र सिंह, आरक्षक विवेक कटारे, महिला आरक्षक अपर्णा पाठक एवं साइबर सेल दमोह टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## हटा थाना में मंगलवार को एसपी ने की जनसुनवाई

# थाना प्रभारियों ने जिन समस्याओं को नहीं सुना, एसपी ने उनका निराकरण कराया

### पीड़ित आवेदकों के चेहरों पर खुशी नजर आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को अधिक प्रभावी, जवाबदेह और जन-केंद्रित बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए हटा पुलिस थाना से जिले में एक अनूठी पहल शुरू की है जहां मंगलवार को जनसुनवाई के माध्यम से अनुविभाग हटा क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनकर उनसे संवाद कर कुछ शिकायतो का मौके पर ही समाधान किया गया एवं संबंधित थाना प्रभारियों से शिकायतों पर गंभीरता से कार्यवाही करने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक की जनसुनवाई को लेकर आए कई आवदेक पीड़ा अपने शब्दों में व्यक्त करते नजर आए। इन ग्रामीणों का कहना था कि वह कई बार से आवेदन दे रहे हैं लेकिन उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हो रहा है। थाना प्रभारी लौटा देते हैं, एसपी को उन आवेदको की समस्या गंभीर लगी, उन्होंने संबंधित थाना प्रभारियों को लाइन पर लिया और तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। एसपी की अनुविभाग स्तर पर पहली बार ऐसी सुनवाई देखने को मिली जो कई मायनों में चर्चा का विषय रही। लोगों ने कहा कि हटा थाना में पहली बार जिला पुलिस अधीक्षक ने थाना में पहुंचकर समस्याएं सुनी जिससे लोगों में उत्साह और भरोसे का माहौल दिखाई दिया। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने लगभग 30 आवेदकों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित थाना प्रभारियों को समयबद्ध एवं समाधानकारी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इस दौरान आवेदिका सरस्वती कुशवाहा शिकायत आवेदन देते हुए गुहार लगाई कि मृतक पति ओमकार कुशवाहा म.प्र. वि.म.पू.क्षे. वि.वि.क.लि.द्वारा जिला दमोह में लाइन मेन आउट सोर्स कर्मचारी के पद पर रहते हुये पटेरा के विला खुर्द ग्राम में ड्यूटी के दौरान बिजली के खंबे पर करंट लगने से नीचे गिरने के कारण हुई मृत्यु की जांच उपरांत दोषियों पर एफ. आई.आर किये जाने और मृतक की पीएम रिपोर्ट की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच करने एवं मेडिकल बोर्ड से पुनः समीक्षा करवाई जाने की मांग की गई आवेदिका ने पुलिस अधीक्षक को रोते हए बताया कि 56 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा दर्ज दर्ज नहीं की गई आवेदिका की



शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा शीघ्र ही कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया। वहीं गैसाबाद थाना क्षेत्र के विद्युत विभाग में आउटसोर्स कर्मचारी दादपुर निवासी कल पिता दुर्जन साहू ने शिकायत करते हुए बताया कि कमता गांव में लाइट बंद होने की शिकायत पर काम करने गए हुए थे जहां पर सुधार कार्य पूर्ण होने उपरांत प्रदीप मिश्रा जो पूर्व से अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है जिसने फोन न उठाने की शिकायत पर मेरे साथ मारपीट कर दी। जिसकी गैसाबाद पुलिस द्वारा दो दिन बाद एफआईआर दर्ज की गई थी लेकिन आरोपी पर गिरफ्तारी नहीं की गई जिससे वह मुझे जान से मारने की धमकी दे रहा है जिस पर पुलिस अधीक्षक ने एसडीओपी को आरोपी के विरुद्ध बोंड ओवर की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके अलावा नगर में विगत वर्ष हुई किराना दुकान में 13 लाख की चोरी का आज तक सुराग न लगने व्यापारी द्वारा कार्रवाई की मांग की गई। वही बिगत दिवस हटा के बड़ा बाजार में तीन दुकानों में लगी भीषण आग की सूक्ष्म जांच कराने की मांग दुकानदारों द्वारा की गई। इसके अलावा जमीनी विवाद कब्जा को लेकर लोगों ने शिकायत के आवेदन दिए। इसके अलावा जनसुनवाई में नगर के प्रतिष्ठित हजारी परिवार का परिवारिक विवाद की शिकायत भी देखने को मिली जहां अजय वर्धन हजारी ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष कार्यवाही की मांग की गई।

### मुख्य रोड पर शराब खोरी रोकने की शिकायत

जनसुनवाई के दौरान समाजसेवी शिक्षक संदीप सोनी ने आवेदन देते हुए बताया कि अंधियारा बगीचा स्थित शराब दुकान के आगे शासकीय शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास शराबखोरी होती है जिससे इस क्षेत्र में रहने वाले कर्मचारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है खेल मैदान एवं सड़कों पर शराब की फूटी वाटले पड़ी होने से बच्चों को काफी परेशानियां होती है जहां पर लगातार पुलिस गस्त लगाकर शराबियों पर कार्यवाही की जाए ताकि एरिया साफ एवं सुरक्षित रह सके थिस परपज अधीक्षक ने हटा थाना प्रभारी को कार्रवाई करने निर्देशित किया।

जनसुनवाई के उपरांत पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने कहा कि जनसुनवाई में जितने भी आवेदन प्राप्त हुए हंक उनका रजिस्टर मेंटेन किया जा रहा है 15 दिवस के भीतर शिकायतों की मानीटरिंग की जावेगी एवं अगली माह पुनः हटा में लोगों से मुलाकात कर शिकायतों पर चर्चा की जावेगी। जनसुनवाई में उपस्थित लोगों ने पुलिस प्रशासन की इस संवेदनशील पहल की सराहना करते हुए कहा कि जब एसपी थाना में पहुंचकर शिकायत सुनते हुए सीधे संवाद करते हैं, तब लोगों की समस्याओं का समाधान तेजी से संभव हो पाता है और पुलिस के प्रति भरोसा भी मजबूत होता है। पुलिस थाना में जनसुनवाई के दौरान एसडीओपी सौरभ त्रिपाठी, थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी, टीआई अंजली अग्निहोत्री सहित पुलिस बल एवं पत्रकारों की उपस्थिति रही।

# प्रत्येक गांवों की जल सप्लाई की हुई समीक्षा

### 40 समस्याग्रस्त गांवों की हुई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले में सुगम पेयजल आपूर्ति और समस्याओं के निराकरण व प्रत्येक परिवार को नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने ग्राम पंचायत सचिवों, जल निगम अधिकारियों, पीएचई विभाग, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा नगर निकायों के सीएमओ के साथ समीक्षा बैठक में सुगम पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे खासतौर पर मौजूद रहे। कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि जल प्रकृति का अमूल्य उपहार है और जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक तत्व है। जनसुनवाई एवं भ्रमण के दौरान प्राप्त शिकायतों में जल संकट और अनियमित जल सप्लाई की समस्याएँ सामने आई थीं, जिसके समाधान के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। बैठक में जिले के प्रत्येक गांव की जल आपूर्ति व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। जिन क्षेत्रों में पेयजल संबंधी समस्याएँ पाई गईं, वहाँ तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संयुक्त टीम बनाकर गांवों का भ्रमण करें तथा आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र पूर्ण करें, ताकि प्रत्येक परिवार को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल मिल सके। बैठक में समीक्षा के दौरान 40 ऐसे गांव चिन्हित किए गए हैं, जहाँ जल समस्या गंभीर रूप से उभरकर सामने आई है। इन गांवों में समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को तीन दिवस की समय-सीमा निर्धारित की गई है। कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि मंगलवार से विशेष अभियान चलाकर टीमें गांव-गांव जाकर जल आपूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण करेंगी और आवश्यक सुधार सुनिश्चित करेंगी। जल समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला पंचायत कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसके माध्यम से नागरिकों द्वारा प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निराकरण किया जाएगा।

कलेक्टर श्री यादव ने कहा जल निगम की कई स्थानों पर टंकियाँ नहीं भर रही हैं या पर्याप्त प्रेशर से पानी सप्लाई नहीं हो रहा है। कई मोहल्लों में अभी भी जल आपूर्ति शुरू नहीं हुई है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए समय-सीमा के भीतर सभी कमियों को दूर कर हर परिवार तक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर श्री यादव ने नागरिकों से जल संरक्षण में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि पानी की प्रत्येक बूंद का महत्व समझें और आवश्यकता अनुसार ही जल का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि अनावश्यक जल बर्बादी से अन्य परिवारों को पानी उपलब्ध होने में कठिनाई होती है, इसलिए अतिरिक्त पानी व्यर्थ न बहाएँ।

# पटेरा थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

आगामी ईद उल जुहा त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर मंगलवार को पटेरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में तहसीलदार उमेश तिवारी, थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर नगर के गणमान्य नागरिक, धर्मगुरु, जनप्रतिनिधि एवं सभी समुदाय के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि विशेष नमाज परंपरानुसार ईदगाह में अदा की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि ईद उल जुहा के अवसर पर कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस द्वारा चाक-चौबंद इंतजाम किए जाएंगे।



मुख्य मार्गों एवं ईदगाह के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। साफ-सफाई, पेयजल एवं बिजली की समुचित व्यवस्था के लिए नगर परिषद को निर्देशित किया गया। अधिकारियों ने सभी से आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी अप्रिय स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दें। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। सभी ने एक स्वर में कहा कि पटेरा की गंगा-जमुनी तहजीब को कायम रखते हुए ईद का त्योहार शांति एवं सौहार्द के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर हाजी शमसुद्दीन पहलवान, राजा ताम्रकार, नरेन्द्र बजाज, वीरेंद्र ताम्रकार, पुष्पेंद्र सोनी, पं. दयाशंकर चौबे, आनंद सिंह, अरविंद परिहार, बलराम पटेल, बेनी चौरसिया शंकर तंतुवाय, गोविंद चौरसिया, मुकेश गुजरे, उमेश ताम्रकार, रहबर खान, डा सदाकत खान, नगर परिषद से उपयंत्री नितिन, कमलेश नामदेव आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# फर्जी डॉक्टर भर्ती मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, पांच लाख से अधिक नकदी व दो कारें जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

थाना कोतवाली पुलिस ने संजीवनी अस्पताल में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर डॉक्टरों की भर्ती कराने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो कारें एवं 5 लाख 36 हजार 900 रुपये नकद जब्त किए हैं।

पुलिस के अनुसार, सीएमएचओ कार्यालय से प्राप्त जांच प्रतिवेदन के आधार पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 479/26 एवं 480/26 के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि कुछ व्यक्तियों द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित संजीवनी क्लीनिक में स्वयं को योग्य चिकित्सक दर्शाने के लिए फर्जी एमबीबीएस डिग्री, मेडिकल काउंसिल रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र एवं अन्य शैक्षणिक दस्तावेज प्रस्तुत किए गए थे।

मामले में पूर्व में फर्जी डॉक्टर सचिन यादव, राजपाल गौर एवं अजय मोर्य को गिरफ्तार किया जा चुका है। आगे की जांच के दौरान पुलिस ने भोपाल निवासी हीरा सिंह कौशल (44) एवं आदिल सिद्दीकी (37) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक थार वाहन, एक आई-20 कार तथा 5 लाख 36 हजार 900 रुपये नकद बरामद किए हैं। बताया गया कि यह राशि फर्जीवाड़े से अर्जित की गई थी। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार एवं उनकी टीम द्वारा की गई। पुलिस अन्य आरोपियों एवं मामले से जुड़े व्यक्तियों की तलाश में जुटी हुई है।

## श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ



दमोह। प्रसिद्ध कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी के मुखारविंद से श्री जगदीश मंदिर पुराना थाना दमोह के सामने पुरेना तालाब में कथा का भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कथा प्रारंभ होने से पूर्व श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के साथ मारवाड़ी मंदिर पुराना थाने से नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं, जबकि श्रद्धालु भगवान हरिहर महादेव के जयकारे लगाते हुए भक्ति में सराबोर नजर आए।कलश यात्रा श्रीकृष्ण आश्रम से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने फूल बरसाकर स्वागत किया। भक्ति गीतों और धार्मिक नारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालु नृत्य करते और भजनों पर झूमते हुए आगे बढ़ते दिखाई दिया। कथा आयोजन 26 मई से 1 जून तक प्रतिदिन सांय 5 बजे से श्री जगदीश स्वामी मंदिर पुराना थाना दमोह में आयोजित किया जा रहा है। कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा का रसपान करा रहे हैं। कथा में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, धर्म, भक्ति और मानव जीवन के आदर्शों का वर्णन किया जाएगा। कथा के शुभारंभ पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया और बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंचे। मुख्य यजमान समस्त भक्त वृंद श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर पुरेना तालाब पुराना थाना दमोह।

## प्रेक्षक ने किया सूची पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण

**दमोह**।राज्य निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक शरद कुमार श्रोति द्वारा अनुभाग कार्यालय दमोह में जनपद पंचायत एवं नगर पालिका की सूची पुनरीक्षण कार्य का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से पुनरीक्षण कार्य की प्रगति एवं व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रेक्षक श्री श्रोति द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सूची पुनरीक्षण कार्य पूरी पारदर्शिता एवं समय-सीमा के भीतर संपन्न किया जाए, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो सके। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम, तहसीलदार दमोह पारुल जैन, नगर पालिका सीएमओ राजेन्द्र सिंह लोधी, जनपद बीपीओ एवं लाइजनिंग ऑफिसर प्रकाश गौतम उपस्थित रहे।

# वृद्धजनों की सेवा करना सौभाग्य की बात - कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा कि जिले में कई वृद्धजन पात्र होने के बावजूद पिछले 8 माह से पेंशन लाभ से वंचित थे। ऐसे वृद्धजनों को उनका अधिकार दिलाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा 'सेवा और आशीर्वाद अभियान प्रारंभ किया गया है, उन्होंने बताया कि अभियान के तहत आधार केंद्र प्रभारी, ग्राम पंचायत सचिव एवं नगरीय क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी घर-घर जाकर वृद्धजनों की ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं, ताकि पेंशन स्वीकृति में किसी प्रकार की बाधा न रहे। कलेक्टर श्री यादव ने कहा ई-केवाईसी के लिए आधार केंद्र प्रभारियों द्वारा ली जाने वाली फीस का भुगतान जिला प्रशासन करेगा। किसी भी वृद्धजन से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया निःशुल्क रहेगी। उन्होंने बताया जो वृद्धजन वर्तमान में गांव से बाहर हैं, उनसे भी संपर्क किया जा रहा है। उन्हें अपने वर्तमान स्थान से ही ई-केवाईसी कराने अथवा गांव लौटकर प्रक्रिया पूर्ण कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि उनकी पेंशन शीघ्र प्रारंभ की जा सके। कलेक्टर श्री यादव ने बताया अब तक 771 वृद्धजनों की ई-केवाईसी एवं पेंशन स्वीकृति संबंधी कार्रवाई पूर्ण की जा चुकी है। जिले में कुल लगभग 1600 लंबित प्रकरण हैं और प्रशासन शीघ्र सभी पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने के लक्ष्य की ओर कार्य कर रहा है। 42 आधार केंद्र प्रभारी और 440 ग्राम पंचायतों में चल रहा अभियान उन्होंने कहा जिले में केवल 42 आधार केंद्र प्रभारी हैं, जबकि 440 ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों में कार्य किया जाना है। इसी कारण अभियान को 10 जून तक चलाया जाएगा, ताकि प्रत्येक पात्र वृद्धजन तक पहुंच सुनिश्चित की जा सके। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा कि वृद्धजनों का आशीर्वाद प्राप्त होना सभी के लिए गर्व और सौभाग्य की बात है। प्रशासन उनकी सेवा में सदैव तत्पर रहेगा तथा भविष्य में भी वृद्धजनों को होने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा।

# श्री कृष्ण की बाल लीलाओं के प्रसंग को सुनाया



**नरसिंहगढ़** । जिले के नरसिंहगढ़ के पास में इंद्रा कालोनी में चल रही श्री मद भागवत महापुराण की कथा साहू जी के परिवार एवं मुख्य यजमान श्रीमति राजदुलारी किशुन साहू के द्वारा यह भव्य आयोजन कराया जा रहा है। पंचम दिवस के अवसर पर कथा व्यास पूज्य श्री वेदांश कृष्ण शास्त्री जी ने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं के प्रसंग को सुनाया और भगवान श्री कृष्ण ने किस प्रकार से सात दिन के लाला को मारने के लिए आई हुई पूतना को भी अपनी मैया को जो बहुत वर्षों के बाद गति प्राप्त होती है। वह गति पूतना को प्रदान की। सुंदर कथा का वर्णन करते हुए भगवान माखन चोरी लीला एवं ब्रह्मा जी के मोह को दूर किया एवं श्री गिरिराज महाराज जी का पूजन समस्त बृजवासियों से करवाया एवं ब्रजबासियो की इंद्र के द्वारा सात दिन तक धुंआधार वर्षा से रक्षा की। कनिष्ठि का उंगली पर सात दिन तक धारण किया। इसीलिए भगवान का एक और नाम पड़ा श्री गिरिराजधरण महराज भगवान की बाल लीलाओं को सुनकर समस्त भक्त भावुक एवं आनंदित हुए बड़े भाव के साथ सभी ने गिरिराज जी का पूजन एवं परिक्रमा की, जय श्री राधा रमण सरकार।

# गांव गांव में बिक रही अवैध शराब, मूक दर्शक बना आबकारी एवं पुलिस विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैसाबाद

इसे आबकारी विभाग की हीला-हवाली कहे या स्थानीय पुलिस विभाग की उदासीनता कि ग्रामीण क्षेत्र के गांव गांव में चाय पान की दुकानों की तरह अवैध शराब की दुकानें संचालित हो रही हैं ग्रामीण अंचल में छोटे से छोटे गांव में आपको हर ब्रांड की शराब आसानी से उपलब्ध हो जाएगी शराब के इस अवैध कारोबार के चलते गांव गांव में लड़ाई झगड़ा एवं अशांति का माहौल निर्मित है, प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम गैसाबाद एवं हिनौता कला में शराब की शासकीय लाइसेंसी दुकाने अधिकृत हैं, ग्रामीण क्षेत्र में अधिकृत तो सिर्फ दो ही दुकानें है, लेकिन शराब माफिया द्वारा इन्हीं दो दुकानों की आड़ में क्षेत्र के गांव गांव में अपने एजेंट बिठाकर अवैध शराब बेची जा रही है, इस अवैध शराब से पीड़ित कुछ क्षेत्रीय लोगों ने अपना नाम नहीं छापने की शर्त पर हरिभूमि संवाददाता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव को बताया कि क्षेत्र के ग्राम खमरगौर,मुहरई, सुजान तलैया, नक्टी कचनारी, भैंसा, तैवरैया, शराफ चोपरा जैसे अनेक गांवों में अवैध शराब खुलेआम बेची जा रही है ग्रामीण जनों ने बताया कि पहले हमारे गांव में शराब नहीं मिलती थी तब बहुत शांति रहती थी लेकिन जब से हमारे गांव में शराब उपलब्ध होने लगी है तभी से हमारे गांव में हर रोज लड़ाई झगड़े होने लगे हैं, कुछ महिलाओं ने हरिभूमि को बताया कि जब हमारे गांव में शराब नहीं मिलती थी तब हमारे पति कभी- कभार माह में एक -दो बार ही बाहर से शराब पीकर घर आते थे लेकिन जब से हमारे गांव में ही शराब मिलने लगी है तब से हमारे पति हर रोज शराब पीते हैं और दिन भर की मेहनत मजदूरी से जो पैसा मिलता है उसका आधा हिस्सा शराब पर ही खर्च कर देते हैं जिससे हमारे घरों में आर्थिक एवं मानसिक परेशानी होती है, कुछ युवाओं का तो यह तक कहना है कि अब हमें शराब लेने कहीं नहीं जाना पड़ता अब तो शराब की ऑनलाइन डिलीवरी होने लगी है अवैध शराब बेचने वाले एजेंट को फोन लगाओ और 20 मिनट के अंदर शराब हमारे पास पहुंच जाती है, गौरतलब है की ग्राम गैसाबाद में पुलिस थाना है, ग्राम से 27 किलोमीटर दूर हटा में आबकारी पुलिस का ऑफिस है जिसमें अधिकारी कर्मचारी तैनात हैं, क्या? गांव गांव में बिक रही अवैध शराब की जानकारी इन जिम्मेदार विभागों को नहीं होगी यह एक बड़ा सवाल बनता है, ग्रामीणजनो ने शासन और प्रशासन से गांव गांव में बिक रही अवैध शराब पर अंकुश लगाए जाने की मांग की है, अब देखना यह होगा कि आबकारी विभाग,और स्थानीय पुलिस इस ओर कब ?और कितना? ध्यान देता है, या फिर यह अवैध कारोबार इसी तरह चलता रहेगा, इस पूरे मामले पर जब आबकारी पुलिस से प्रतिक्रिया लेने की कोशिश की गई तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।

## वाहन चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही

### मान. न्यायालय द्वारा किया 26 हजार रुपया का जुर्माना

**हिण्डोरिया।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदौरिया एवं एसडीओपी पथरिया सुश्री प्रिया सिंधी के निर्देशन में शराब पीकर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के तारतम्य में थाना हिण्डोरिया के द्वारा थाना क्षेत्र दमोह पटेरा मार्ग पर वाहन चेकिंग की गई । जो दो व्यक्ति पृथक पृथक दो पहिया मोटर साइकिल रजिस्ट्रेशन क्रमांक Mp 22 mj 5190 एवं एक पल्सर गाड़ी बिना नंबर की से शराब पीकर वाहन चलाते पाए गया। जिनका ब्रीथ एनालाइजर एवं मेडिकल परीक्षण से पुष्टि होने पर थाना हिंडोरिया में शुमार नंबर क्रमशः 01/26 एवं 02/26 अंतर्गत धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत पंजीबद्ध कर उक्त दोनों वाहनों को विधिवत जप्त किया गया। एवं प्रकरण माननीय न्यायालय में पेश किये गया । जो माननीय न्यायालय द्वारा एक व्यक्ति के विरुद्ध 15500 रुपए एवं 10500 रुपये कुल 26000 रुपए का जुर्माना आदेश पारित किया गया है ।

